पहल : उच्च शिक्षा में नीतिगत सुधारों को गति देने के लिए नियुक्तियां करने पर जोर

जेएसएफडीए में प्रतिनियुक्ति पर कई पदों को भरा जाएगा

अच्छी खबर

रांची, विशेष संवाददाता। झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट एकेडमी (जेएसएफडीए) में प्रतिनियुक्ति पर कई पदों को भरा जाएगा। इसके लिए योग्य प्राध्यापकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के क्षमता विकास और उच्च शिक्षा में नीतिगत सुधारों को गति देने के लिए यह नियुक्ति की जा रही है।

तीन वर्ष की होगी प्रतिनियुक्ति अवधि : चयनित अभ्यर्थियों की प्रतिनियुक्ति अवधि कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्षों के लिए होगी। संतोषजनक प्रदर्शन पर आगे बढ़ाया जाएगा। प्रतिनियुक्ति में वेतन और अन्य भत्ते अभ्यर्थी के मूल संस्थान की ओर से दिए जाएंगे। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार से होगा। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी संस्थान के आधिकारिक भर्ती पोर्टल recruitment.jsfda.ac.in पर जाकर स्व-प्रमाणित प्रमाण पत्रों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 अक्तूबर है। शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों की सूची संस्थान की वेबसाइट पर जारी की जाएगी और उन्हें ईमेल पर रांची में होने वाले साक्षात्कार की सूचना दी जाएगी।

इन पदों पर होगी नियुक्ति, ये लोग कर सकते हैं आवेदन

विज्ञापन के अनुसार जिन पदों पर शिक्षकों से प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, उनमें ज्वाइंट डायरेक्टर (एक पद) शामिल हैं। इसमें राज्य के सरकारी विश्वविद्यालय या अंगीभूत कॉलेज के प्रोफेसर आवेदन कर सकते हैं। जनरल मैनेजर (अकादमिक, प्रशिक्षण और आउटरीच) (एक पद) के लिए राज्य के सरकारी विश्वविद्यालय या अंगीभूत कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर, आवेदन करने के योग्य होंगे। सेंटर कोऑर्डिनेटर (2 पद) के लिए राज्य के सरकारी विश्वविद्यालय अथवा अंगीभूत कॉलेज के सहायक प्राध्यापक, जिनके पास न्यूनतम 4 वर्षों का अध्यापन अनुभव हो, आवेदन कर सकते हैं।

इसलिए नियुक्ति

- उच्च एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों, अधिकारियों व विद्यार्थियों के क्षमता विकास को बढ़ाने की कवायद
- राज्य के विश्वविद्यालयों और अंगीभूत कॉलेजों के प्राध्यापक करेंगे आवेदन, 21 तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

युवा महोत्सव 'हिलोर' में मंच पर छात्रों की निखरी प्रतिभा

डोरंडा कॉलेज में मंगलवार को यूथ फेस्टिवल में गीत की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

डोरंडा कॉलेज

रांची, विशेष संवाददाता। डोरंडा कॉलेज में तीन दिवसीय युवा महोत्सव 'हिलोर' मंगलवार को शुरू हुआ। प्रतिभा, कला और अभिव्यक्ति के विविध रंगों से सजे इस महोत्सव में पहले दिन विद्यार्थियों ने संगीत व नृत्य प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। लोक वाद्यवृंद की थाप और आदिवासी नृत्य की झंकार से कॉलेज परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि आरयू के रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार शर्मा व विशिष्ट अतिथि कला एवं संस्कृति निदेशालय आरयू के निदेशक डॉ आनंद ठाकुर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया।

डॉ आनंद ने विद्यार्थियों से आगामी कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव कला एवं संस्कृति निदेशालय, आरयू को भेजने की अपील की। महोत्सव के दूसरे सत्र में संगीत और नृत्य की आठ विधाओं में प्रतियोगिताएं हुईं। विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शहर 30s

आजसू ने चलाया सदस्यता अभियान

रांची। आजसू ने मंगलवार को रामलखन सिंह यादव कॉलेज से अपने सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने संगठन की सदस्यता ली और छात्रहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का संकल्प व्यक्त किया। आजसू पदाधिकारियों ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में हरीश कुमार, ओम वर्मा, चेतन प्रकाश और अमन साहू समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एबीवीपी ने विद्यार्थी हितों के मुद्दों पर किया मंथन

रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) झारखंड की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारी परिषद की बैठक मंगलवार को रांची में शुरू हुई। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों और क्षेत्रों से प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य और कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे हैं। बैठक की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष डॉ मौसमी पॉल, प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रदीप शेखावत और प्रदेश संगठन मंत्री पशुपति उपमन्यु ने की। उद्घाटन सत्र में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, शैक्षणिक और सामाजिक विषयों के साथ विद्यार्थियों कि हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

आरएलएसवाई कॉलेज में कबड्डी टूर्नामेंट शुरू

रांची। राम लखन सिंह यादव (आरएलएसवाई) कॉलेज में मंगलवार को आरयू अंतर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट शुरू हुआ। इसका उद्घाटन आरयू के डीएसडब्ल्यू प्रो सुदेश साहू ने किया। उद्घाटन मैच में डोरंडा कॉलेज की टीम ने गोस्सनर कॉलेज को शिकस्त दी। वहीं, दूसरे रोमांचक मुकाबले में मारवाड़ी कॉलेज की टीम ने पीपीके कॉलेज बुंडू को हरा दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ विष्णुचरण महतो ने कहा कि संस्थान युवा खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। खेल प्रभारी डॉ दीपक प्रमाणिक ने बताया कि टूर्नामेंट में विभिन्न कॉलेजों की टीमें पूरे दमखम के साथ भाग ले रही हैं।

मैट्रिक और इंटर के प्रमाण पत्रों में करा सकेंगे सुधार

- प्रमाण पत्र, अंक पत्र, रजिस्ट्रेशन में हुई त्रुटि में सुधार का अवसर
- झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 31 दिसंबर तक का दिया है मौका

रांची, हिब्यू। झारखंड में मैट्रिक और इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्रों में सुधार किया जा सकता है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) से मैट्रिक और इंटरमीडिएट करने वाले छात्र और छात्राएं प्रमाणपत्रों में हुई त्रुटियों में सुधार के लिए आवेदन कर सकते हैं।

बताया गया कि इसके लिए जैक ने 31 दिसंबर तक का समय निर्धारित किया है। इसमें झारखंड गठन होने के बाद से 2024 तक के दस्तावेजों में अगर त्रुटि है तो इसमें सुधार के लिए आवेदन दिया जा सकेगा। अंक पत्र, रजिस्ट्रेशन, प्रवजन प्रमाणपत्र, औपबंधिक प्रमाण पत्र और मूल प्रमाण पत्र में हुई त्रुटि में सुधार कर सकेंगे। झारखंड में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में प्रमाणपत्रों की त्रुटि को सुधारा जा रहा है। इसके कारण जैक में आवेदन करने के लिए भीड़ बढ़ गई है। लोगों की सहूलियत के लिए जैक ने 31 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की है।

165 संस्थाओं के अनुदान स्वीकृत

रांची। झारखंड के वित्तरहित संस्थाओं को अपीलीय आवेदन के माध्यम से 32 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि अनुदान के लिए जिला कोषागार में भेज दी गई है। अनुदान के लिए अपील आवेदन में कुल 214 संस्थाओं ने आवेदन किया, जिसमें 165 संस्थाओं के अनुदान स्वीकृत हुए, जबकि 49 संस्थाओं के अनुदान अस्वीकृत हुए। इसमें इंटर कॉलेज के लिए अधिकतम 60 लाख व न्यूनतम 16.80 लाख रुपए, उच्च विद्यालयों के लिए अधिकतम 14.40 लाख और न्यूनतम 7.20 लाख, संस्कृत विद्यालयों के लिए न्यूनतम 3.60 लाख और अधिकतम 14.40 लाख इसी प्रकार मदरसा विद्यालयों के लिए अधिकतम 14.40 लाख और न्यूनतम 3.60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है।

लाइब्रेरी सुविधाएं नहीं, छात्र परेशान

रांची। मोरहाबादी स्थित साझा लाइब्रेरी में सुविधाओं से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र परेशान हैं। छात्रों ने कहा कि यहां पिछले एक वर्ष से पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। छह महीने से वाई-फाई सेवा भी उपलब्ध नहीं है। इससे ऑनलाइन अध्ययन सामग्री और डिजिटल संसाधनों का इस्तेमाल करने में छात्रों को दिक्कत हो रही है।

कई बार अवकाश के दिनों में भी लाइब्रेरी बंद कर दी जाती है, जिससे उनकी पढ़ाई का शेड्यूल प्रभावित होता है। लाइब्रेरी का समय भी केंद्रीय और स्टेट लाइब्रेरी की तुलना में कम है। कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उन्हें अधिक समय तक अध्ययन करना पड़ता है, लेकिन लाइब्रेरी जल्दी बंद हो जाने से परेशानी बढ़ जाती है।

स्कूली क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल शुरू

रांची। 70वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के तहत क्रिकेट टीम चयन के लिए मंगलवार को ओपन ट्रायल सेठ सीताराम विजयवर्गीय उच्च विद्यालय डोरंडा में हुआ। इसका शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री शकील अहमद व जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने किया।

अंडर-14 में करीब 500 बालक खिलाड़ियों, अंडर-17 में 230 बालिका खिलाड़ियों तथा अंडर-19 में 25 बालिकाओं ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन 70वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में किया जाएगा। मौके पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग, चंद्रदेव सिंह आदि मौजूद थे।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

सं एस.जी. 664-06-टेली-2026-27

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **(1) कार्य का नाम:** MESR और HZBN स्टेशनों पर IPIS सिस्टम के साथ CIB, TIB और ऑटो अनाउंसमेंट की प्रावधान करने हेतु। **(2) कार्य का आकलित मूल्य:** रू. 2,24,85,664.58 **(3) कार्य का अग्रधन राशि:** रू. 4,49,700.00 **(4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 23.10.2026 (12:00 बजे) **(5) ऐसी ई निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।** उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http// www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। **द्रष्टव्य :-** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करे। **वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभि० पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/1060/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/26-27/32

कोर्ट नोटिस

In

The Court of ऋत्विका सिंह
सी. जे. एस. डी. XI, Ranchi

O.S.791/2025

Abdul Aziz .... वादी
बनाम्
Hamida Khatoon and others ... प्रतिवादी

(1) हमीदा खातुन, पति स्व० हाशीम, निवासी अली रोड, निकट मोती मस्जिद नेजाम नगर, हिन्दपीड़ी, थाना-हिन्दपीड़ी, जिला-रांची, (2) शाहीद खान, पिता स्व० सुलेमान खान, निवासी कोनका सिरम टोली, थाना लोअर बाजार, जिला-रांची।

आपलोगों को बजरिये इस नोटिस के सुचित किया जाता है कि वादीगण ने एक हक-वाद आपलोगों के विरुद्ध इस न्यायालय में दायर किया है अतः आपलोग स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उक्त वाद में दिनांक 15.10.2026 ई० 10:30 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई की जायगी इसे ताकीद जाने।

आज दिनांक 05.10.2026 ई० को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

ह0/- ऋत्विका सिंह
सी. जे. एस. डी.-XI
व्यवहार न्यायालय, रांची

रेल पहिया कारखाना/बेला
जिला-सारण, (बिहार)-841221

ई-निविदा सूचना संख्या : ई.एल.-वाटर प्योर--ओटी-2026 आरटी1, दिनांक : 05.10.2026.
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/हेड क्वार्टर/रे.प.का./बेला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:- **1. कार्य का नाम, स्थान तथा कार्य सम्पन्न होने का समय : बेला स्थित आरडब्ल्यूपी में जल कुशल फिक्सचर के माध्यम से पेयजल शुद्धिकरण प्रणाली (प्रत्येक की क्षमता 1000 एलपीएच) का प्रावधान और इसका व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। कार्य अवधि : 68 माह।, 2. कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,19,47,726.56** (रुपये एक करोड़ उन्नीस लाख सैंतालीस हजार सात सौ छब्बीस और पैसे छप्पन केवल जीएसटी @ 18% सहित)।, **3. धरोहर राशि : ₹ 2,39,000/-** (रुपये दो लाख उन्तालीस हजार मात्र). **4. निविदा जमा करने एवं खुलने की तिथि तथा समय :** निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि 13.10.2026, बंद होने की तिथि 27.10.2026 को 14.00 बजे। टेंडर खुलने की तिथि 27.10.2026 को 14.30 बजे या बाद में।, **5.** वेबसाईट का विवरण, सूचना पट्ट जहाँ से निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त किया जा सकता है एवं कार्यालय का पता जहाँ से निविदा कागजात खरीदा जा सकता है। : निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धिपत्र सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/हेड क्वार्टर
रे.प.कारखाना/बेला

आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.बी.टी./2026-27/70

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

ROSARB राँची
तृतीय तल, एल एम स्क्वायर, सुजाता चौक, मेन रोड, राँची - 834001, झारखंड

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना, परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) के प्रावधान देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 संगठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम- 8(6) के अंतर्गत अचल संपत्तियों के विक्रय का ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्वारा जन साधारण को सामान्यतः एवं ऋणी(यों), बंधककर्ता(ों) तथा जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित बंधक / प्रभारित अचल संपत्ति प्रतिभूत ऋणदाता के कब्जे में है, जिसका **"जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ऋणकर्ताओं / बंधककर्ता / जमानतदार / सुरक्षित संपत्ति / बकाया राशि / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी तिथि एवं समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्नवर्णित है :

क्र. सं.	ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण, जिसमें ज्ञात अदिभार (यदि कोई हो) भी शामिल है	कुल बकाया राशि/ ई-नीलामी की तिथि/ ई-नीलामी का समय	आरक्षित मुल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक/भौतिक) / सम्पत्ति निरीक्षण तिथि एवं समय
01	**1. मेसर्स एरियाना पावर इन्फ्रा** 119, अशियाना ट्रेड सेंटर, प्रथम तल, आदित्यपुर, जमशेदपुर, जिला- पूर्वी सिंहभूम - 831013, **साथ ही यहाँ भी:** मेसर्स एरियाना पावर इन्फ्रा, प्लॉट सं. 780 एवं 781, ग्राम- सतापुरी, पोस्ट एवं थाना- तिरिंग, जिला- मयूरभंज - 757053 **2. श्री सुशील कुमार अग्रवाल (पार्टनर),** पिता - श्री बुध लाल अग्रवाल, डुप्लेक्स सं. 26, फेज-1, विजया हेरिटेज, अनिल सुर पथ, उलियान, कदमा, जमशेदपुर, जिला- पूर्वी सिंहभूम - 831005 **3. श्री चंदन कुमार साहू (पार्टनर),** पिता - श्री नेपाल चंद्र साहू, टिएरा F-1604, लोढ़ा स्प्लेंड्रा, घोड़बंदर रोड, भायेंद्रपाड़ा, जिला- ठाणे (पश्चिम) - 400615, महाराष्ट्र, **4. श्री राजेश कुमार यादव (पार्टनर),** पिता - श्री रंगीला यादव, बाजारसाही, पोस्ट - बहालदा, जिला- मयूरभंज - 757046, **5. श्री सर्वेश्वर मोहंता (पार्टनर),** पिता - श्री लक्ष्मीधर मोहंता, ग्राम- बैंकाटी, पोस्ट - उक्रम, कुमुदासोल, बदामपहाड़, जिला- मयूरभंज - 757046 ओडिशा, **6. श्री हरिलाल साहू,** पिता - स्वर्गीय गदाधर साहू, बाजारसाही, बहालदा, जिला- मयूरभंज - 757046 ओडिशा **7. श्री नेपाल चंद्र साहू,** पिता - स्वर्गीय गदाधर साहू, बाजारसाही, बहालदा, जिला- मयूरभंज - 757046, ओडिशा	**1.** फैक्ट्री की भूमि एवं भवन का समतामूलक बंधक, जो मौजा- सतापुरी, थाना- तिरिंग, थाना सं.- 27, तहसील- तिरिंग, तहसील सं.- 27, जिला उप-पंजीयक कार्यालय बहालदा के अधीन, जिला- मयूरभंज, ओडिशा, खाता सं. 55, प्लॉट सं. 780 (रकबा- 44 डिसमिल) एवं प्लॉट सं. 781 (रकबा- 44 डिसमिल), कुल रकबा 88 डिसमिल पर स्थित है। **चौहद्दी :** उत्तर: सड़क, दक्षिण: सड़क, पूर्व: सड़क, पश्चिम: नाला **2.** भूमि का समतामूलक बंधक, जो मौजा- बागाडेगा (बहालदा), थाना- बहालदा, थाना सं.- 08, जिला- मयूरभंज, ओडिशा, प्लॉट सं. 3774/3784, खाता सं. 585/487, रकबा 2 डिसमिल पर स्थित है तथा श्री नेपाल चन्द्र साहू, पिता- स्वर्गीय गदाधर साहू एवं श्री हरिलाल साहू, पिता- स्वर्गीय गदाधर साहू के नाम दर्ज है। **चौहद्दी :** उत्तर: सड़क, दक्षिण: गोचर भूमि, पूर्व: आनंद साहू, पश्चिम: सरकारी भूमि	**₹ 1,59,93,125.21** + दिनांक 01.04.2021 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित देय होगा। **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	संपत्ति 01 हेतु रू. 58,32,000/- रू. 5,83,200/- रू. 10,000/- संपत्ति 02 हेतु रू. 1,17,000/- रू. 11,700/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
02	**मेसर्स संचार नेटवर्क प्रोप्राइटर: श्री राकेश कुमार गुप्ता,** द्वितीय तल, गौरव टॉवर, मानगो चौक, मानगो, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम - 831012 **जमानतदार / बंधककर्ता : श्रीमती भागीरथी देवी,** पति - स्वर्गीय सूरज प्रसाद गुप्ता, 58C, टीचर्स कॉलोनी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम - 831012	भूमि एवं भवन का समतुल्य बंधक, जो कि पुराने प्लॉट संख्या 156, पुराना खाता संख्या 7, प्लॉट संख्या 2339, खाता संख्या 437, थाना संख्या 1642, वार्ड संख्या 10 में स्थित है, जिसमें कुल 4.95 डिसमिल में से 2.52 डिसमिल (0-3-4 धुर) भूमि सम्मिलित है, मौजा - मानगो, टीचर्स कॉलोनी, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर में श्रीमती भागीरथी देवी, पति - सूरज प्रसाद गुप्ता के नाम पर अवस्थित है। **सीमाएँ (वास्तविक) :** उत्तर - विक्रेता निज (उसी भूमि का शेष विक्रय भाग), दक्षिण - डी. गौड़, पूर्व - 12 फीट रोड, पश्चिम - बंगाली बाबू	**₹ 2,05,85,232.42** + दिनांक 28.09.2021 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित तथा संविदात्मक देय राशि दिनांक 31.08.2025 को ₹ 3,29,94,370.37 है, इसके अतिरिक्त लागत एवं ब्याज देय होगा। **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 30,00,000/- रू. 3,00,000/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
03	**मेसर्स आर एस एंटरप्राइजेज** बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, रातू रोड, रांची, हेसल, रांची, झारखंड - 834001 **श्री राजीव कुमार सिंह (प्रोपराइटर),** फ्लैट नं. 401, ब्लॉक B, वेस्ट विंड अपार्टमेंट, हेहल, रांची, झारखंड - 834005 **जमानतदार : 1. श्रीमती सुनीता सिंह,** पति श्री राजीव कुमार सिंह, फ्लैट नं. 401, ब्लॉक B, वेस्ट विंड अपार्टमेंट, हेहल, रांची, झारखंड - 834005 **2. श्री प्रवीण अग्रवाल,** पिता श्री नंद किशोर अग्रवाल, 23 राम इकबाल पथ सुखदेव नगर, पीपल के पेड़ के पास, हेहल, रांची, झारखंड - 834005	आवासीय फ्लैट संख्या 203, दूसरी मंजिल, माप 1250 वर्ग फीट यानी 116.12 वर्ग मीटर (निर्मित क्षेत्र), भवन का नाम "किरण अपार्टमेंट", सर्वे प्लॉट संख्या 497, सब-प्लॉट संख्या 497/A1, A-II, A-III, 497 A-C और 497-B1, खाता संख्या 01, स्थित मौजा- हेसल, थाना- सुखदेवनगर, थाना संख्या 2023, वार्ड संख्या 33, जिला- रांची, झारखंड। जिसकी **सीमाएं निम्न प्रकार हैं :** पूर्व: साइड सेट बैक, पश्चिम: फ्लैट संख्या 204, उत्तर: लिफ्ट पैसेज, फ्लैट संख्या 202, दक्षिण: फ्रंट सेट बैक क्षेत्र	**₹ 2,04,37,252.84/-** + दिनांक 01.07.2026 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 36,73,000/- रू. 3,67,300/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
04	**श्रीमती सुदर्शना नाथ शरण, पति श्री संजय कुमार** फ्लैट नं. 4-F, चौथी मंजिल, ब्लैक डायमंड पैलेस, गांधीनगर, कांके रोड, DAV स्कूल के पास, कांके - 834008	संपत्ति के सभी भाग, जिसमें फ्लैट संख्या 4E, चौथी मंजिल, ब्लैक डायमंड पैलेस शामिल है, जो ग्राम मिसिरगोंदा, थाना गोंडा, थाना संख्या 191, जिला रांची, झारखंड, पिन- 834008 में स्थित है, जो खाता संख्या 317, आर.एस. प्लॉट संख्या 1366 (अंश) के तहत सुदर्शना नाथ शर्मा के स्वामित्व में है, जिसका क्षेत्रफल 972 वर्ग फीट है, साथ ही 397 वर्ग फीट (0.91 डिसमिल के बराबर) भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा, एक पार्किंग स्पेस 4/E, होल्डिंग संख्या 231/A-1, वार्ड संख्या 02 के अंतर्गत आता है। जिसकी **सीमाएं निम्न प्रकार हैं :** उत्तर: खुला आकाश, दक्षिण: फ्लैट संख्या 4/D, पूर्व: कॉरिडोर, उसके बाद फ्लैट संख्या 4/F, पश्चिम: खुला आकाश	**₹ 25,65,871/-** + दिनांक 30.05.2025 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 33,61,000/- रू. 3,36,100/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
05	**मेसर्स गुड्डू पॉलीबैग (प्रोपराइटर - गुड्डू कुमार)** सदर बाजार, चास, बोकारो, झारखंड - 827013 **कौशल्या देवी (जमानतदार)** सदर बाजार, चास, बोकारो, झारखंड - 827013	सर्वे प्लॉट संख्या 4890, खाता संख्या 432, मौजा-चास, थाना-चास, थाना संख्या 30, परगना खासपेल, सब-रजिस्ट्री कार्यालय-चास, जिला बोकारो, झारखंड में स्थित 03 डिसमिल आवासीय भूमि एवं उस पर निर्मित भवन के सभी भाग, जो श्रीमती कौशल्या देवी के स्वामित्व में है, जिसकी **सीमाएँ निम्नलिखित हैं :** उत्तर: सड़क, दक्षिण: अग्रवाल जी की भूमि, पूर्व: रामजी लाल श्रीवास्तव की भूमि/मकान, पश्चिम: जगदीश साहू की भूमि/मकान	**₹ 22,41,792.06/-** + दिनांक 02.12.2024 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 31,50,000/- रू. 3,15,000/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
06	**मेसर्स बी. डी. कंस्ट्रक्शन (पार्टनरशिप फर्म)** परसुडीह प्रधान टोला, पोस्ट - टाटानगर, थाना परसुडीह, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम - 831002, झारखंड **श्री भोला प्रसाद (पार्टनर)** परसुडीह, 17, प्रधान टोला, पोस्ट -टाटानगर, थाना परसुडीह, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम - 831002, झारखंड **श्री तारक नाथ बोस (पार्टनर), पिता श्री K. C. बोस** फ्लैट नं. C/7/6, आदित्य बिहार कॉम्प्लेक्स, तृतीय तल, रोड नं. 7, एक्सटेंशन सोनारी, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम - 831011, झारखंड **श्रीमती मीनू देवी (पार्टनर/जमानतदार/बंधककर्ता)** चर्च के पास, सोपोडेरा, परसुडीह, पोस्ट - टाटानगर, थाना परसुडीह, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम - 831002, झारखंड	श्रीमती मीनू देवी, पति श्री भोला प्रसाद के नाम से आवासीय भूमि एवं भवन का साम्यिक बंधक, जो प्लॉट संख्या 633 एवं 634, खाता संख्या 177, मौजा कालीमाटी, थाना-परसुडीह, थाना संख्या 1163, टाउन जमशेदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम, झारखंड में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 0.09 एकड़ (नौ डिसमिल) है तथा जो बिक्री विलेख संख्या 3216 दिनांक 06.07.1993 के माध्यम से धारित है। **सीमाएँ :** उत्तर: जे. बरिया, दक्षिण: लालू पात्रा, पूर्व: अनंता महतो, पश्चिम: बलराम मंडल	**₹ 36,63,513.91/-** + दिनांक 02.05.2019 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 30,00,000/- रू. 3,00,000/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
07	**श्रीमती बबीता कुमारी (ऋणकर्ता) पति - श्री अशोक मंडल** फ्लैट संख्या 4C, चतुर्थ तल, मातेश्वरी टॉवर, भेलाटांड़, थाना-बरवड्डा, धनबाद - 828103, झारखंड तथा शिमला नगर, धैया, ग्रामीण बैंक के निकट, आई.एस.एम. धनबाद, धनबाद - 826004, झारखंड। **श्रीमती लक्ष्मी देवी (गारंटर/ प्रतिभूति दाता) पति - श्री ललन सिंह** फ्लैट संख्या 1C, प्रथम तल, मातेश्वरी टॉवर, भेलाटांड़, थाना-बरवड्डा, धनबाद - 826004, झारखंड।	श्रीमती बबीता कुमारी, पति श्री अशोक मंडल की अचल संपत्ति का समतामूलक बंधक (Equitable Mortgage), जिसमें 975 वर्ग फुट निर्मित क्षेत्रफल (Built-up Area) तथा 1170 वर्ग फुट सुपर निर्मित क्षेत्रफल (Super Built-up Area) वाला चतुर्थ तल स्थित फ्लैट संख्या 4-सी सम्मिलित है। यह बहुमंजिला भवन/परिसर, जो **"मातेश्वरी टॉवर"** के नाम से प्रसिद्ध है, मौजा-भेलाटांड़, मौजा संख्या-89, खाता संख्या-24, प्लॉट संख्या-689, थाना-गोविंदपुर (वर्तमान थाना-बरवड्डा सदर), उप-पंजीयक कार्यालय-धनबाद, जिला-धनबाद में स्थित है। उक्त संपत्ति विक्रय विलेख संख्या 5534, दिनांक 03.07.2015 के माध्यम से अर्जित की गई है। **सीमांकन :** उत्तर: अमित सिंह की भूमि, दक्षिण: लिफ्ट एवं सीढ़ियाँ, पूर्व: फ्लैट संख्या 4-B, पश्चिम: कॉलोनी रोड	**₹ 22,74,009.00** + दिनांक 10.12.2018 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित देय होगा। **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 15,36,000/- रू. 1,53,600/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
08	**श्री मनोज कुमार मिश्रा (ऋणकर्ता) पिता - श्री बृज कुमार मिश्रा** मातेश्वरी टॉवर, फ्लैट संख्या 2A, द्वितीय तल, भेलाटांड़, थाना-बरवड्डा, प्लॉट संख्या-689, धनबाद - 826004, झारखंड। तथा ग्राम-शिमलाबेड़ा, दैनिक जागरण के निकट, धैय्या, धनबाद - 826004, झारखंड। **श्री अशोक कुमार मंडल (गारंटर/प्रतिभूतिकर्ता) पिता - श्री कृष्ण चन्द्र मंडल** ग्राम-शिमलाबेड़ा, दैनिक जागरण के निकट, धैय्या, धनबाद - 826004, झारखंड।	समतामूलक बंधक (Equitable Mortgage) के अंतर्गत आवासीय फ्लैट सहित संपूर्ण भूमि एवं संपत्ति, जो फ्लैट संख्या 2A, द्वितीय तल पर स्थित है, जिसका निर्मित क्षेत्रफल (Built-up Area) 1305 वर्ग फुट तथा सुपर निर्मित क्षेत्रफल (Super Built-up Area) 1566 वर्ग फुट है। इसके साथ बेसमेंट तल में आरक्षित कार पार्किंग स्थान भी सम्मिलित है। उक्त फ्लैट **"मातेश्वरी टॉवर"** नामक अपार्टमेंट में स्थित है, जो मौजा-भेलाटांड़, मौजा संख्या-89, प्लॉट संख्या-689, खाता संख्या-24, थाना-बरवड्डा, जिला-धनबाद में अवस्थित है। यह संपत्ति विक्रय विलेख संख्या 3234, दिनांक 27.04.2013 के माध्यम से श्री मनोज कुमार मिश्रा के नाम दर्ज है। **सीमांकन :** उत्तर: खुला आकाश, दक्षिण: खुला आकाश, पूर्व: खुला आकाश, पश्चिम: सीढ़ियाँ, लिफ्ट तथा उसके बाद फ्लैट संख्या 2B एवं 2C	**₹ 20,76,027.00** + दिनांक 17.10.2017 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित देय होगा। **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 18,27,000/- रू. 1,82,700/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
09	**मेसर्स एकलव्य एंटरप्राइज़ेज़ प्रोपराइटर: श्री राकेश कुमार सिंह,** मकान सं. 5, जनरल ऑफिस रोड, बिरला मंदिर कॉम्प्लेक्स, न्यू केबल टाउन, गोलमुरी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर-831003 **श्री राकेश कुमार सिंह,** नारायण कुटीर, धोबी घाट के पास, मकान सं. 57, रोड सं. 03, कदमा, जमशेदपुर-831005 **श्रीमती श्वेता सिंह,** पति - श्री राकेश कुमार सिंह, मकान सं. 5, जनरल ऑफिस रोड, बिरला मंदिर कॉम्प्लेक्स, न्यू केबल टाउन, गोलमुरी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर-831003	आवासीय भूमि का साम्यिक बंधक, जो मौजा खकरीपारा, सर्वे थाना नं. 1193, हल्का III, थाना गोविंदपुर, नया खाता नं. 04, नए प्लॉट नं. 452 के एक भाग के अंतर्गत, सब-प्लॉट नं. RC-60-I में स्थित, क्षेत्रफल 60 फीट × 30 फीट = 1,800 वर्ग फीट अथवा 4.12 डिसमिल है, जिला उप-निबंधन कार्यालय, जमशेदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम के अंतर्गत स्थित है। उक्त संपत्ति श्रीमती श्वेता सिंह, पति श्री राकेश कुमार सिंह की है। **सीमाएँ :** उत्तर: सब-प्लॉट नं. RC-75-J, दक्षिण: सब-प्लॉट नं. RC-75-H, पूर्व: सब-प्लॉट नं. RB-10, पश्चिम: 20 फीट चौड़ी सड़क	**₹ 68,74,608** + दिनांक 01.02.2024 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित देय होगा। **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 24,30,000/- रू. 2,43,000/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
10	**श्रीमती प्रेमलता कुमारी एवं श्री दयानंद प्रसाद,** पिता - श्री सूर्यदेव प्रसाद, क्वार्टर सं. 55/2/3, G.H. कॉलोनी, छोटा गोविंदपुर, जमशेदपुर-831015 तथा शगुन पैलेस, फ्लैट नं. 14/5, रोड नं. 1, न्यू कासीडीह बागान एरिया, साकची, कासीडीह दुर्गा पूजा मैदान, जमशेदपुर- 831001 तथा फ्लैट सं. A-3, बसंत द्वार, देवनगर, साकची, जमशेदपुर- 831001.	आवासीय फ्लैट सं. A-3 का साम्यिक बंधक, जो भवन "बसंत द्वार, देवनगर" के अपर ग्राउंड फ्लोर पर स्थित है, जिसका सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 555 वर्ग फीट है, साथ में एक कार पार्किंग स्थान तथा रैयती गृहस्थ भूमि में 100 वर्ग फीट क्षेत्रफल के अविभाजित आनुपातिक हिस्से पर अधिकार सहित, जो पुराने प्लॉट नं. 2107, पुराने खाता नं. 132 में दर्ज है तथा वर्तमान सर्वे प्लॉट नं. 248/3880 एवं 248/3879 के अनुरूप है, जो नए खाता नं. 125 एवं 81 में दर्ज है। उक्त संपत्ति मौजा-साकची, पोस्ट एवं थाना-साकची, थाना नं. 1153, वार्ड नं. 7 (जे.एन.ए.सी.), प्रखंड एवं शहर-जमशेदपुर, परगना-धालभूम, जिला-पूर्वी सिंहभूम, झारखंड में स्थित है। **सीमाएँ :** उत्तर: 12 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण: गली, पूर्व: फ्लैट नं. A-2, पश्चिम: 16 फीट चौड़ी सड़क	**₹ 29,85,836.00** + दिनांक 30.04.2024 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित देय होगा। **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 11,23,000/- रू. 1,12,300/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
11	**मेसर्स कृतिका एंटरप्राइजेज पार्टनर : श्री उदय शंकर प्रसाद, श्री अमरनाथ सिंह, श्री सुरेश कुमार शर्मा एवं श्रीमती रीता गुप्ता,** 3/B, न्यू सुभाष कॉलोनी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर- 831012 **श्री उदय शंकर प्रसाद (पार्टनर एवं जमानतदार),** 3/B, न्यू सुभाष कॉलोनी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर- 831012 **श्रीमती रीता गुप्ता, पति - श्री उदय शंकर प्रसाद (पार्टनर एवं जमानतदार),** 3/B, न्यू सुभाष कॉलोनी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर- 831012, **श्री अमरनाथ सिंह (पार्टनर एवं जमानतदार),** B-6, F4C, मून सिटी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर- 831012, **श्रीमती मीरा सिंह (जमानतदार),** पति - श्री अमरनाथ सिंह, B-6, F4C, मून सिटी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर- 831012, **श्री सुरेश कुमार शर्मा (पार्टनर एवं जमानतदार),** पिता - श्री अवतार शर्मा, लाइन नं. 3/C, सुभाष कॉलोनी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर- 831012, **श्रीमती रेणु शर्मा (जमानतदार),** पति - श्री सुरेश कुमार शर्मा, लाइन नं. 3/C, सुभाष कॉलोनी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर-831012	मेसर्स कृतिका एंटरप्राइजेज के नाम पर बिक्री विलेख संख्या 6347 दिनांक 04.11.2011 द्वारा दर्ज भूमि एवं उस पर निर्मित संरचना सहित संपूर्ण संपत्ति का साम्यिक बंधक, जो एन.एच.-33 पर स्थित, मौजा-आसनबनी, थाना-चांडिल, थाना नं. 325, हल्का नं. 2, खाता नं. 354, प्लॉट नं. 1865/A, क्षेत्रफल 71.50 डिसमिल तथा प्लॉट नं. 2024/A, क्षेत्रफल 11.00 डिसमिल, जिला सरायकेला-खरसावाँ में स्थित है। **सीमाएँ :** उत्तर: एन.एच.-33, दक्षिण: ठाकुर लाल उराँव, पूर्व: विक्रेता निज, पश्चिम: प्रदेश	**₹ 4,67,78,782.62** + दिनांक 29.06.2016 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित देय होगा। **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 1,30,28,000/- रू. 13,02,800/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
12	**मेसर्स श्री श्याम ट्रेडर्स प्रोपराइटर: श्रीमती किरण ठक्कर,** फ्लैट सं. B1-2, आउटर सर्किल रोड, जय प्रभा कॉम्प्लेक्स, कदमा, जमशेदपुर- 831005 **श्रीमती किरण ठक्कर** फ्लैट सं. B1-2, आउटर सर्किल रोड, जय प्रभा कॉम्प्लेक्स, कदमा, जमशेदपुर- 831005	फ्लैट नं. B1/2 का साम्यिक बंधक, जो ग्राउंड फ्लोर, जय प्रभा कॉम्प्लेक्स, कदमा, जो श्रीमती किरण ठक्कर के नाम पर है, जिसका क्षेत्रफल 1,250 वर्ग फीट है। उक्त फ्लैट लीज डीड नं. 5114 दिनांक 25.07.2005 के अंतर्गत ग्राउंड फ्लोर पर स्थित है तथा आर.एस. प्लॉट नं. 1515, आर.एस. खाता नं. 6 के एक भाग में स्थित है, जो वर्तमान नया प्लॉट नं. 2715, 2716, 2718, 2719, 2720 एवं 2721 के अनुरूप है तथा नए खाता नं. 216, मौजा-कदमा, वार्ड नं. 2, जे.एन.ए.सी., थाना-कदमा, जमशेदपुर में दर्ज है। उक्त संपत्ति सोसाइटी लीज डीड नं. 5114 दिनांक 25.07.2005 के अंतर्गत है। **सीमाएँ :** उत्तर: सड़क, दक्षिण: सोसाइटी का परिसर, पूर्व: फ्लैट नं. B-2/1, पश्चिम: फ्लैट नं. B-1/1	**₹ 51,98,316.01** + दिनांक 01.04.2021 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित देय होगा। **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 50,63,000/- रू. 5,06,300/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
13	**मेसर्स मोहित ट्रेडिंग (प्रोपराइटर - श्रीमती सुलेखा देवी)** सदर बाजार, चास, बोकारो, झारखंड - 827013 **महेंद्र प्रसाद (जमानतदार)** सदर बाजार, चास, बोकारो, झारखंड - 827013 **गुड्डू कुमार (जमानतदार)** सदर बाजार, चास, बोकारो, झारखंड - 827013	श्री महेंद्र प्रसाद एवं श्री गुड्डू कुमार के नाम से स्थित मौजा चास, थाना संख्या 30, खाता संख्या 432, प्लॉट संख्या 4890, नगरपालिका वार्ड संख्या 13 में स्थित 3.25 डिसमिल आवासीय भूमि एवं भवन के सभी भाग का समतुल्य बंधक, जिसकी **सीमाएँ निम्नलिखित हैं :** उत्तर: सड़क, दक्षिण: प्लॉट संख्या 4900, पूर्व: प्लॉट संख्या 4890, पश्चिम: विभूति ओझा	**₹ 71,76,960.90** + दिनांक 02.12.2024 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित देय होगा। **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 53,38,000/- रू. 5,33,800/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**
14	**मेसर्स होराइजन इन्फोटेक, प्रोपराइटर श्री सुशील कुमार वर्मा** रॉय बिल्डिंग, तृतीय तल, एयरपोर्ट रोड, हिनू, रांची - 834002, झारखंड **श्री सुशील कुमार वर्मा (प्रोपराइटर), पिता श्री सुधीर कुमार वर्मा** फ्लैट नं. 201, द्वितीय तल, चंद्रकला अपार्टमेंट, हेसाग, थाना जगन्नाथपुर, रांची - 834003, झारखंड **श्रीमती मिली वर्मा, पति श्री सुशील कुमार वर्मा,** फ्लैट नं. 201, द्वितीय तल, चंद्रकला अपार्टमेंट, हेसाग, थाना जगन्नाथपुर, रांची - 834003, झारखंड	श्री सुशील कुमार वर्मा, पिता श्री एस. के. वर्मा के नाम से स्थित संपत्ति का समतुल्य बंधक, जिसमें ग्राम हेसाग, थाना-जगन्नाथपुर, थाना संख्या 247, जिला-रांची में स्थित चंद्रकला अपार्टमेंट नामक भवन के द्वितीय तल पर स्थित फ्लैट नं. यूनिट 1, जिसका सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 1206 वर्गफुट है, तथा उक्त भवन के भूतल पर एक कार पार्किंग स्थान, साथ ही चंद्रकला अपार्टमेंट के सामान्य क्षेत्र में अधिकार सम्मिलित है। **सीमाएँ :** उत्तर: सामान्य रास्ता, दक्षिण: यूनिट नं. 2, पूर्व: यूनिट नं. 3, पश्चिम: सामान्य रास्ता	**₹ 27,61,519.85** + दिनांक 05.07.2022 से मांग सूचना के अनुसार अप्रयुक्त ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित देय होगा। **28.10.2026 अपराह्न 02:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक**	रू. 40,50,000/- रू. 4,05,000/- रू. 10,000/-	**सांकेतिक कब्जा** **21.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक**

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं ऑनलाइन ऑक्शन पोर्टल **https://baanknet.com** देखें।
इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर **7542032124** पर संपर्क कर सकते हैं।

स्थान : राँची
दिनांक: 06.10.2026

विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

ह0/- प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा, ROSARB राँची